**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय सोमवार के लिये निर्धारित श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह उर्फ पूनम सिंह, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-19 का उत्तर।**

| | **प्रश्न** | **उत्तरालेख्य** |
|---|---|---|
| **क-** | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-वाराणसी में एन०एन० 29 से कैथी मारकण्डेय महादेव मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण चैनेज 0.000 से 2.450 तक लम्बाई 2.45 किमी० तक जो सम्पर्क मार्ग बनाया जा रहा है उसकी चौड़ाई (पुरानी वर्तमान सड़क) राजस्व अभिलेख फसली 1883/1885 में व राजस्व अभिलेखों में चौड़ाई कितनी है? | प्रश्नगत मार्ग के चैनेज-0.000 से 2.450 तक लम्बाई 2.450 किमी० तक सम्पर्क मार्ग बनाया जा रहा है। राजस्व अभिलेख 1883-84 बन्दोबस्ती नक्शे के अनुसार मार्ग की चौड़ाई निम्नवत है-<br>(1) ग्राम कैथी में मार्ग के चैनेज-0.000 से चैनेज-0.400 तक मार्ग की लम्बाई 400 मी० तथा चौड़ाई 20 से 18 मी0 है।<br>(2) चैनेज-0.400 से चैनेज-0.640 तक मार्ग की लम्बाई 240 मी० भाग की चौड़ाई 12.00 मी० है।<br>(3) चैनेज-0.640 से चैनेज-0.940 तक मार्ग की लम्बाई 300 मी० भाग की चौड़ाई 6.00 मी0 से 8.00 मी० है।<br>(4) चैनेज-0.940 से चैनेज-2.250 तक मार्ग की लम्बाई 1310 मी० भाग की चौड़ाई 20 मी0 से 22 मी0 है।<br>(5) चैनेज-2.250 से 2.450 तक मार्ग की लम्बाई 200 मी० (अतिरिक्त पहुँच मार्ग) भाग की राजस्व अभिलेख में चौड़ाई दर्ज नहीं है। कार्य स्थल पर पूर्व से लेपित मार्ग की चौड़ाई 5.50 मी० है। |
| **ख-** | राजस्व नक्शे मे वर्तमान में स्थित पुरानी सड़क के अतिरिक्त जो भूमि अधिग्रहीत की जा रही है उसका मुआवजा भू स्वामियों (भवन के अतिरिक्त) को सरकार द्वारा दिया जायेगा? | मार्ग के चौड़ीकरण में राजस्व नक्शे के अनुसार वर्तमान में स्थित पुराने रोड की अतिरिक्त भूमि का क्रय आपसी समझौते के आधार पर शासनादेश संख्या-2/2015/215/ एक-13-2015-20 (48)/2011 दिनांक-19.03.2015 में निहित प्राविधानों एवं राजस्व द्वारा उपलब्ध कराये गये अंश निर्धारण की आख्या के अनुसार प्रतिकर देय है। |
| **ग-** | यदि हॉ, तो कब तक और कितना? | आपसी समझौते के आधार पर प्रतिकर भुगतान की कार्यवाही मार्च 2025 तक पूर्ण कर ली जायेगी। स्वीकृत कार्य में भूमि अधिग्रहण एवं भवन प्रतिकर हेतु कुल धनराशि रू० 26.97 करोड़ स्वीकृत है। |
| **घ-** | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न ही नहीं उठता। |

27/2/25
(केशव प्रसाद मौर्य)
नेता सदन, विधान परिषद
एवं उप मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

**(योगी आदित्यनाथ)**
**मुख्यमंत्री।**